# स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के प्रशिक्षण शिविर में दिया गया

# स्वच्छता पर जोर

**मानगो नगर निगम**

## स्ट्रीट फूड विक्रेताओं ने पूरा किया प्रशिक्षण मिला प्रमाणपत्र

**जमशेदपुर.** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत मानगो नगर निगम के स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के दो दिवसीय प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन हो गया. प्रशिक्षण लेने वाले स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रमाणपत्र दिया गया. कौशल विकास केंद्र पारडीह और महात्मा गांधी स्कूल, मानगो में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में विक्रेताओं को दुकान एवं आसपास साफ-सफाई, डस्टबीन रखने के साथ हेड बैंड, ग्लब्स पहनने, मास्क व सैनिटाइजर का प्रयोग करने की जानकारी दी गयी. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि पुनः 20 और 21 को प्रशिक्षण दिया जायेगा. प्रशिक्षण में विक्रेताओं को सरकारी योजनाओं से जुड़कर लाभ प्राप्त करने के बारे में बताया गया. कार्यक्रम में बतौर ट्रेनर जयप्रकाश कुमार, राकेश कुमार सिंह, सुनील दत्त शर्मा, राजेश प्रसाद, अमित कुमार झा आदि मौजूद थे.

**नगरीय प्रशासन निदेशालय,**
**नगर विकास एवं आवास विभाग,**
**झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA